केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने किया गौ पूजन

■ श्री श्याम गौशाला के लिए किया एक लाख का चेक भेंट

अजमेर, (निसं)। परबतपुरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर पालरा स्थित श्री श्याम गौ शाला में सोमवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता व पंचायती राज केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने जन्म दिवस के अवसर पर राजगढ़ भैरवधाम के मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज के सान्निध्य में गौ शाला में गौ माता का पूजन किया सहित सेवा कार्य किए। इस अवसर पर गौशाला सचिव हिमांशु टांक के नेतृत्व में श्री श्याम गौशाला परिवार द्वारा माला पहनाकर अभिनंदन किया।

गौ शाला सचिव हिमाशु टांक ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता व पंचायती राज केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के जन्म दिवस के अवसर पर सोमवार को पालरा स्थित श्री श्याम गौ शाला में आगमन पर राजगढ़ भैरवधाम के मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज के सान्निध्य में मंत्री गहलोत द्वारा गौ माता का पूजन किया और गाय को गुड़ व चारा खिलाया। गौ माता का पूजन पंडित राजेंद्र दाधीच द्वारा कराया गया। इस अवसर पर अंध विद्यालय के छात्रों को क्रिकेट का किट प्रदान की। जन्म दिवस के अवसर पर मंत्री गहलोत ने श्री श्याम गौ शाला के पदाधिकारियों को गौ सेवा हेतु एक लाख रुपए राशि का चेक भेंट किया।

गौ शाला संयोजक पंडित राजेन्द्र दाधीच ने बताया कि गौ शाला परिसर में बाल सदन के अन्नाथ बच्चो को गर्म वस्त्र स्वेटरो का वितरणएबेधर और मार्गों पर अपना जीवन यापन करने वालो को कंबल वितरण, गौ शाला की गायो को गुड, चारा, रिजका, लापसी खिलाई तथा गौशाल परिसर में ही पौधा रोपण किया। इस अवसर पर श्री श्याम गौ शाला के मुख्यसंरक्षक कालीचरणदास खण्डेलवाल, गौ शाला के प्रधान बीरम सिंह रावत, पालरा प्रधान सीमा अर्जुन सिंह रावत व सचिव हिमांशु टांक सहित गौ शाला कमेटी के पदाधिकारियों ने केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत और राजगढ़ धाम के उपासक चम्पालाल महाराज का साफा पहनाकर और गौ माता का स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया।

विधायक चौधरी ने विधानसभा क्षेत्र में 6 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। विधायक विकास चौधरी ने विधानसभा क्षेत्र में करीब 6 करोड़ की लागत से विकास कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया। विधायक चौधरी ने बताया पिछले दो साल में करीब सौ करोड़ रूपये के विकास कार्य कराये जा चुके है। इसी श्रंखला में गांवभगवंतपुरा में 85.50 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क मय नाली निर्माण, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान की चारदीवारी मय गेट का विधिवत शुभारंभ किया।

गांव अहेडा में 15 लाख रूपये से श्मशान घाट की चारदीवारी मय गेट, दो सीसी सड़क मय नाली के अलावा गांव बहेड़ा में 31 लाख की लागत से नाला निर्माण, श्मशान घाट की चारदीवारी मय दो गेट, अपूर्ण नाला व पुलिया निर्माण का शुभारंभ किया। गांव कोटडी में 15 लाख की लागत से सीसी सड़क, खुला तिबारा का उद्घाटन किया।

रसद विभाग ने किए 4 घरेलू सिलेण्डर जब्त

अजमेर, (निसं)। रसद विभाग द्वारा घरेलू एलपीजी सिलेंडर के अवैध उपयोग को रोकने के लिए घरेलू गैस सिलेंडर की धरपकड़ का अभियान चलाया गया। जांच दल द्वारा 4 घरेलू एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए। जिला रसद अधिकारी मोनिका जाखड़ ने बताया कि दरगाह बाजार स्थित होटल सागर पैलेस एवं असलम शाही शीरमाल के पास से 2-2 घरेलू एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए। इन फर्मों का यह कृत्य एलपीजी ऑर्डर-2000 का उल्लंघन है। साथ ही ये प्रकरण ईसी एक्ट 1955 की धारा 6 ए में जिला कलेक्टर के न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे। जांच दल में प्रवर्तन निरीक्षक अतुल कुमार बडाया, महेन्द्र कुमार यादव एवं मुकेश कुमार बुगालिया रहे।

NAME CHANGE

I Army No. 14655394X, Hav, Renjith Kumar P Residing of Vill:- Malayinkeezhu, Po:- Machel, Tehsil- Kattakkada, District- Thiruvananthapuram, Kerala, Pin-695570 have change my mother's name from Santha to Santhakumari R vide affidavit No. BZ922396 dated 06/12/2025 before court campus Nasirabad

आम सूचना

मैं मेरी पक्षकारा श्रीमती ललीता पत्नी सुरेन्द्र निवासी 100/34 पाल बिछला, चादर अजमेर के द्वारा आवासीय सम्पत्ति जिसका न.नि.अ. का पट्टा क्रमांक 69क/2025/26. 205523/19 है जो वाके चमार की घाटी, गंज, अजमेर में स्थित है भूखण्ड का क्षेत्रफल 350.57 वर्ग मीटर है जो श्रीमती संतोष राठौड़ एवं श्रीमती पुष्पा कंवर पुत्री स्व. श्री शम्भु सिंह से खरीद कर रहे हैं यदि उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी सरकारी गैर सरकारी वित्तिय संस्था और व्यक्ति विशेष आदि को कोई भी उज्र एतराज हो तो मय अपने दस्तावेजों को साथ सात दिवस के भीतर सम्पर्क करें। सम्पर्क सूत्र 8302400082

NAME CHANGE

I Army No. 14655394X, Hav, Renjith Kumar P Residing of Vill:- Malayinkeezhu, Po:- Machel, Tehsil- Kattakkada, District- Thiruvananthapuram, Kerala, Pin-695570 have change my father's name from Prabhakran Nair to Prabhakaran Nair V vide affidavit No. BZ922397 dated 06/12/2025 before court campus Nasirabad

लोक उपयोगिता सेवाओं की समस्याओं का होगा अब त्वरित समाधान

■ न्याय आपके द्वार अभियान से ग्रामीणों को बड़ा लाभ

नसीराबाद,(निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अजमेर के सचिव कृष्ण मुरारी जिंदल (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) के आदेशानुसार अधिकार मित्र रवि कुमार ने आज गांव बल्डया में 'न्याय आपके द्वार - लोक उपयोगिता' विशेष अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर एवं जनोपयोगी निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत रावतों के श्मशान के पास नाड़ी खुदाई कार्य के निरीक्षण से हुई। इसके बाद मनरेगा क्षेत्र ग्राम बल्डया में श्रमिकों को जनोपयोगी सेवाओं, अधिकारों और सरकारी प्रावधानों की जानकारी दी गई।

अधिकार मित्र रवि कुमार रेसवाल ने शिविर में ग्रामीणों को बताया कि - स्थायी लोक अदालत आमजन के लिए एक सक्षम न्यायिक मंच है, जहां बिजली, पानी, परिवहन, बैंकिंग व बीमा, नगर निकाय, स्वास्थ्य, शैक्षणिक सेवाएं, आवास, भू-सम्पदा और एलपीजी सेवाओं से संबंधित शिकायतों का सरल, सस्ता और त्वरित निस्तारण किया जाता है।

उन्होंने कहा कि यदि कोई जन उपयोगी सेवा अपना कर्तव्य सही ढंग से नहीं निभाती है, तो स्थायी लोक अदालत न्याय पाने का सबसे प्रभावी विकल्प है।

रालसा द्वारा संचालित न्याय आपके द्वार: लोक उपयोगिता तीन माह का विशेष अभियान ग्रामीणों को सीधे लाभ पहुंचा रहा है। इस अभियान के माध्यम से लोग अपनी समस्याओं का समाधान घर के पास ही प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में मनरेगा मैट माया रावत सहित कई मैट व बड़ी संख्या में मनरेगा श्रमिक उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित प्रश्न पूछे और अधिकार मित्र ने सभी को आवश्यक जानकारी प्रदान की।

अग्रवाल समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन जयपुर में 11 जनवरी को

■ श्री अग्रवाल परमार्थ सेवा समिति की बैठक में लिया निर्णय

अजमेर, (निसं)। श्री अग्रवाल परमार्थ सेवा समिति जयपुर के तत्वावधान में 11 जनवरी को जयपुर के समुराई पिकॉक गार्डन में सातवां युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारियों और समाज बंधुओं से चर्चा के लिए जयपुर से आए समिति पदाधिकारियों की अजमेर में सोमवार को बैठक आयोजित हुई। जनकपुरी गंज स्थित सभागार में आयोजित बैठक में परिचय सम्मेलन को लेकर चर्चा की गई। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला शाखा अजमेर, अग्रवाल समाज अजमेर, श्री अग्रोहा बंधु पश्चिम क्षेत्र संस्था अजमेर तथा श्री अग्रवाल सेवा संस्था अजमेर की संयुक्त बैठक जनकपुरी गंज स्थित सभागार में आयोजित की गई। जयपुर से आए समिति के प्रदेशाध्यक्ष अशोक गुप्ता, मुख्य संयोजक दिनेश पोद्दार, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गुप्ता, संगठन मंत्री मोहनलाल गुप्ता तथा सदस्यता संयोजक महेंद्र गुप्ता ने अजमेर के समाज बंधुओं को सम्मेलन की जानकारी दी।

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: ननिअ/भवन/2025-26/507 आपत्ति सूचना दिनांक: 26/11/25

श्री सुनील दाधरिया पुत्र श्री सुरेन्द्र दाधरिया निवासी ए-5 दादा भाई कॉलोनी एस.बी.आई. बैंक के पीछे, नसीराबाद रोड अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 365/7 390/40 का एक भाग जो वाके मोती कटला अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 143.00 व.मी. है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार है।

पूर्व -श्री सूरजमल जी रिवांवाला की जायदाद पश्चिम- शेष भाग जायदाद विक्रेता की
उत्तर- सम्पति उदयमल जी की दक्षिण -रास्ता पैसेज

अत: जरिए इस सूचना को पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/सस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा। -उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: ननिअ/भवन/2025-26/533 आपत्ति सूचना दिनांक: 8/12/25

श्री कालूराम पुत्र श्री रूपचन्द निवासी लौगिया मोहल्ला, अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 177/43 एवं 400/3 जो वाके लौगिया मौहल्ला अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 94.74 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार बावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार हैं।

पूर्व- मकान श्री प्रहलाद घोसी का पश्चिम- मकान श्री मोहम्मद मुख्त्यार का
उत्तर-मकान श्री प्रहलाद घोसी का व गली एवं अन्य जायदाद दक्षिण- रास्ता आम

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा। - उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: न.नि.अ/69क/2025-26/106 आपत्ति सूचना दिनांक: 05/12/2025

श्रीमती मधु देवी पंवार पत्नि श्री गोपाल सिंह पंवार निवासी बडी नागफणी बोराज रोड अजमेर द्वारा प्रस्तावित पोस्टमेन रोड नागफणी अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 81.26 वर्गमीटर है का नगर निगम अजमेर में धारा 69-ए के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार हैं।

पूर्व-5 फिट चौडी गली उत्तर- दितीप की सम्पति
पश्चिम-60 फिट चौडी रोड दक्षिण- मधु देवी की सम्पति

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति /संस्था के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम की धारा 69-ए के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के नगर निगम के पक्ष में भूमि के अधिकार अभ्यर्पण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप/आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 03 दिवस के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकता है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी भी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप/आपती नहीं है। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा। - उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिये उप मु. यांत्रिक इंजीनियर / लोको अजमेर के द्वारा निम्नानुसार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, इच्छुक फर्म / निविदाकार IREPS पोर्टल के द्वारा इस ई-निविदा में सम्मिलित हो सकते है। **निविदा संख्या : 29-LWS-OPN-FHYT-2025, दिनांक 06.12.2025. कार्य का नाम:** डीजल लोको एवं वैगन कार्यशाला, अजमेर में एडवांस फायर हाइड्रेट प्रणाली, जल आपूर्ति तथा न्यूमैटिक पाइप लाइन की स्थापना का कार्य। **कार्य का अनुमानित लागत:** रु. 3,67,81,326.99. **ई-निविदा जारीकर्त्ता कार्यालय का पूर्ण पता:** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (लोको) डीजल लोको एवं वैगन कारखाना, लाल फाटक के पास, अजमेर - 305001. **बयाना राशि जो कि जमा करानी है:** रु.334000/- (केवल IREPS पोर्टल पर नेटबैकिंग अथवा पेमेन्ट गेटवे के माध्यम द्वारा)। **ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं खुलने का समय व दिनांक:** 29.12.2025 को 15:00 बजे तक। ई निविदा उसी दिन 15:30 पर खोली जायेगी। अपरिहार्य कारणो के चलते निविदा खोले जाने के शेड्यूल में परिवर्तन किया जा सकता है। **वेबसाइट विवरण जहाँ से ई-निविदा की पूर्ण जानकारी देखी व इसमे भाग लिया जा सके: www.ireps.gov.in** (**Note-** यह ई-निविदा है अतः निविदाकार द्वारा केवल वर्णित वेबसाइट के माध्यम से निविदा अवधि में ही ई-निविदा प्रस्तुत की जा सकती है)।

1572-AR/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com, Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2025-26/राजकाज 19217230 दिनांक :- 05/12/2025

ई-निविदा सूचना संख्या 46/2025-26

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से विभिन्न कार्यो अनुमानित लागत राशि 526.83 लाख की ई-निविदा क्रम संख्या (1-8) दिनांक 18.12.2025 सांय 06:00 बजे तक एवं क्रम संख्या (9) दिनांक 12.12.2025 सांय 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in, http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।

UBN : AJD2526WSOB00208 - 215, AJD2526SSOB00216

राज.संवाद/सी/25/15277 अधिशाषी अभियन्ता

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0

टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक- न.पा.बि./भूमि/2025/3514 आम सूचना दिनांक: 23-9-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कालोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेगें। अत: इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपति मान्य नहीं होगी।

क्र. सं.	आवेदन क्रमांक	आवेदक का नाम	योजना/ग्राम का नाम	खसरा सं.	भू.सं.	क्षेत्र
1.	LD/VJNR/2025-26/245545	मेघराज दमामी पुत्र घीसालाल दमामी	चौसला बिजयनगर	4541/4012	01 का पश्चिमी हिस्सा व 14	185.05 वर्गमीटर

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0

टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक- न.पा.बि./भूमि/2025/4857 आपत्ति आमन्त्रित सूचना दिनांक: 4-12-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने 69-A के तहत पालिका को आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेगे। अत: इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो / प्रमाण के दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपति मान्य नहीं होगी।

क. सं.	मकान मालिक का नाम	मौहल्ले का नाम	क्षेत्रफल
1	पुष्पेन्द्र जोशी पुत्र स्व. श्री रामेश्वरप्रसाद जोशी	आबादी क्षेत्र राजनगर बिजयनगर आबादी भूखण्ड का पार्ट-ए	79.25 वर्गमीटर

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगर पालिका मण्डल जहाजपुर (भीलवाड़ा)

FMail Id- mbjahazpur@gmail.com Phone No 01485-294101

कमाक / नपाज / भूमि / 2025-26 / 5373 दिनाक 05.12.2025

-:: आपत्ति आमंत्रण सूचना ::-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्ति द्वारा स्वयं खातेदार की खसरा भूमि को भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 क के अधीन गैर-कृषिक प्रयोजन के लिए अनुज्ञा/संपरिवर्तित भूमि के आबंटन के लिए नगर पालिका जहाजपुर में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त बाबत् किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में मय सबूत के लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद प्राप्त आपत्ति मान्य नही होगी तथा नियमानुसार कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र.सं.	आवेदक/खातेदार का नाम व पता	स्थान	आराजी खसरा /हैक्टयर	प्रयोजनार्थ
1	1. श्री कमलकुमार पुत्र श्री चिरंजीलाल बागड़, हिस्सा-1/2 जाति -महाजन सा. देह खातेदार। 2. श्री पवन कुमार पुत्र श्री चिरंजी लाल बागड, हिस्सा-1/2 जाति -महाजन सा. देह खातेदार, निवासीगण जहाजपुर जिला भीलवाड़ा।	राजस्व ग्राम व पटवार हल्का जहाजपुर जि. भीलवाड़ा स्थान -घाटारानी रोड़, जहाजपुर।	खसरा संख्या-5996 रकबा 0.3157 हैक्टयर	आवासीय हेतु।
2	1. श्री कमलकुमार पुत्र श्री चिरंजीलाल बागड़, हिस्सा-1/2 जाति -महाजन सा. देह खातेदार। 2. श्री पवन कुमार पुत्र श्री चिरंजी लाल बागड़, हिस्सा-1/2 जाति -महाजन सा. देह खातेदार निवासीगण जहाजपुर जिला भीलवाड़ा।	राजस्व ग्राम व पटवार हल्का जहाजपुर जि. भीलवाड़ा स्थान -मालोलाई रोड़, जहाजपुर।	खसरा संख्या-4456 रकबा 0.2590 हैक्टयर खसरा संख्या-4457 रकबा 0.0081 हैक्टयर	आवासीय हेतु।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका जहाजपुर

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

श्री भजन लाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

प्रवासी राजस्थानी दिवस
10 दिसम्बर 2025 • जयपुर

देश-दुनिया में जिन्होंने बढ़ाया मान
उनके स्वागत में तैयार है राजस्थान

हमारे प्रवासी राजस्थानी भाई-बहनों ने अपनी कुशलता और कर्मठता से देश-विदेश में नाम कमाया और राजस्थान की धरती को गौरवान्वित किया।

प्रवासियों को राज्य की विकास यात्रा में भागीदार बनाने के लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने हर वर्ष 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' के आयोजन की पहल की।

प्रवासी राजस्थानी दिवस का पहला आयोजन 10 दिसम्बर 2025 को जयपुर में किया जा रहा है। प्रवासियों के साथ हमारे इस रिश्ते को मज़बूत करने में यह आयोजन एक अहम कड़ी है।

प्रवासी राजस्थानियों के लिए राजस्थान सरकार की पहल
- प्रवासी राजस्थानियों हेतु नए विभाग का गठन
- राजस्थान फाउण्डेशन के 14 नए चैप्टर गठित, 12 पुराने चैप्टर्स को किया सक्रिय
- नई प्रवासी राजस्थानी नीति

प्रवासियों की सहभागिता बढ़ाने के लिए 8 विशेष सत्र
- प्रवासी राजस्थानी संवाद
- उद्योग
- शिक्षा
- जल संसाधन
- नवीन एवं अक्षय ऊर्जा
- स्वास्थ्य
- पर्यटन
- खनन

राजस्थान संवाद

2 साल नव उत्थान - नई पहचान बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान

आयोजक: Rajasthan Foundation, BIP RAJASTHAN, RIICO GROW WITH RAJASTHAN

इंडस्ट्री पार्टनर: CII Confederation of Indian Industry